Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 11 नवंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-11-november-2020

‘ओवर द टॉप’ प्लेटफॉर्म पर सरकार का नियंत्रण

केंद्र सरकार ने अपने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय में नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम और अन्य ‘ओवर द टॉप' (Over The Top- OTT) प्लेटफॉर्म अथवा वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाताओं को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के दायरे में लाने की घोषणा की है। ध्यातव्य है कि वर्तमान में भारत में इन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध डिजिटल कंटेंट को नियंत्रित करने वाला कोई कानून या स्वायत्त निकाय नहीं है। इस संबंध में जारी आधिकारिक सूचना के मुताबिक, अब ऑनलाइन फिल्में, डिजिटल समाचार और करेंट अफेयर्स से संबंधित सामग्री पूर्णत: सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के दायरे में आएगी। ध्यातव्य है कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से अब तक पूर्णत: अनियमित ‘ओवर द टॉप' (OTT) प्लेटफॉर्म को नियंत्रित किया जा सकेगा। ध्यातव्य है कि केंद्र सरकार बीते कई वर्षों से इस प्रकार के वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाताओं को नियंत्रित करने की मांग कर रही है, साथ ही सरकार इन सेवा प्रदाताओं से न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स स्टैंडर्ड अथॉरिटी की तर्ज पर स्व-नियामक निकाय बनाने की भी बात करती रही है। हालाँकि अभी तक इन प्लेटफॉर्म के लिये ऐसा कुछ नहीं बन पाया है। वर्तमान में प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा प्रिंट मीडिया को न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (NBA) समाचार चैनलों को और भारतीय विज्ञापन मानक परिषद द्वारा भारतीय विज्ञापन उद्योग को नियंत्रित किया जाता है, साथ ही ये संगठन इन उद्योगों का प्रतिनिधित्व भी करते हैं।

अजीम प्रेमजी

भारत में आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी विप्रो (Wipro) के पूर्व चेयरमैन अजीम प्रेमजी ने भारत में दान देने के मामले में सबसे शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। हाल ही में जारी किये गए एडलिव हुरुन इंडिया फिलैन्थ्रॉपी लिस्ट 2020 के सांतवें संस्करण के अनुसार, अजीम प्रेमजी ने वर्ष 2020 में कुल 7,904 करोड़ रुपए यानी प्रतिदिन लगभग 22 करोड़ रुपए दान दिये हैं, इसलिये वे इस सूची में पहले स्थान पर हैं। 1 अप्रैल, 2020 को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, विप्रो और विप्रो एंटरप्राइज़ेज़ ने कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप से निपटने के लिये 1,125 करोड़ रुपए दान करने की घोषणा की थी। यह विप्रो की वार्षिक CSR गतिविधियों और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सामान्य खर्च से अलग था। HCL के संस्थापक और चेयरमैन शिव नादर को इस सूची में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जिन्होंने वर्ष 2020 में कुल 795 करोड़ रुपए दान किये हैं। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के चेयरमैन और एशिया के सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी को इस सूची में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है और उन्होंने वर्ष 2020 में कुल 458 करोड़ रुपए दान किये हैं। हुरुन इंडिया और एडलिव फाउंडेशन द्वारा तैयार की जाने वाली इस सूची के माध्यम से राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने वाले लोगों को रेखांकित करने का प्रयास किया जाता है।

90 प्रतिशत प्रभावी COVID-19 टीका

अपने टीके के तीसरे चरण के नैदानिक परीक्षणों के अंतरिम विश्लेषण के आधार पर अमेरिकी फार्मा कंपनी फाइज़र (Pfizer) ने घोषणा की है कि कंपनी द्वारा विकसित टीका पहली बार कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों में संक्रमण को रोकने में 90 प्रतिशत से अधिक प्रभावी है। अमेरिकी कंपनी फाइज़र (Pfizer) और उसकी जर्मन साझीदार कंपनी बायोएनटेक (BioNTech) ने घोषणा की है कि कंपनी द्वारा बनाई गई एम-आरएनए वैक्सीन (m-RNA Vaccine) के अंतरिम विश्लेषण के मुताबिक, इस टीके के कारण किसी भी व्यक्ति पर कोई गंभीर सुरक्षा खतरा नहीं देखा गया है। हालाँकि टीके की जाँच करने वाली विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की है कि 'इस टीके से संबंधित और अधिक डेटा एकत्र किया जाए, ताकि विश्लेषण के आधार पर और सटीक जानकारी प्राप्त की जा सके।

मुंबई इंडियंस

मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के फाइनल मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को पाँच विकेट से हराकर एक बार फिर IPL का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस जीत के साथ ही मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के अब तक के इतिहास में कुल पाँच बार खिताब जीतकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित कर दिया है। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा IPL फाइनल में दो या दो से अधिक अर्द्धशतक बनाने वाले पहले कप्तान बन गए हैं, इससे पूर्व उन्होंने वर्ष 2015 में चेन्नई सुपर किंग (CSK) के विरुद्ध खेलते हुए 26 गेंदों में 50 रन बनाए थे। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) भारत में आयोजित की जाने वाली T20 क्रिकेट लीग है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2008 में हुई थी। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का पहला खिताब राजस्थान रॉयल्स ने जीता था।